अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना।

पत्रांकः—मु०अ०—4(मु०)विविध कार्य—23—05/2021-4009 /पटना, दिनांकः—30/9/2021

प्रेषक,
अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,
मुख्य अभियंता—1, 2 एवं 3
सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल
सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल

विषयः—ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत पुराने पुलों की नियमित जाँच एवं मरम्मति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 01.06.2021 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के ग्रामीण पथों के अनुरक्षण की समीक्षा के क्रम में पुराने पुलों की नियमित जाँच एवं मरम्मति का निदेश दिया गया था। आप सभी अपने—अपने परिक्षेत्रान्तर्गत वर्त्तमान में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत पुराने पुलों की नियमित जाँच तथा आवश्यकतानुसार विभाग में नियुक्त पुल सलाहकार से परामर्श कर इसकी मरम्मति कराना सुनिश्चित करें। पुलों की जाँच से संबंधित प्रमंडलवार स्थिति को स्पष्ट करते हुए यथाशीघ्र प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करायें, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

उक्त के आलोक में संबंधित को निदेश दिया जाता है कि इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

30/9/21

(अशोक कुमार मिश्रा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु०अ०—4(मु०)विविध कार्य—23—05/2021-4009 पटना, दिनांक :—30/9/2021
प्रतिलिपिः—सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

30/9/21
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु०अ०—4(मु०)विविध कार्य—23—05/2021-4009 पटना, दिनांक :—30/9/2021
प्रतिलिपिः—वरीय पुल सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/9/21
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु०अ०—4(मु०)विविध कार्य—23—20/2021-4009 पटना, दिनांक :—30/9/2021
प्रतिलिपिः—आई० टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/9/21
अभियंता प्रमुख